फिरोजपुर मंडल	अम्बाला मंडल	बीकानेर मंडल
1. खाई फेमे की	1. जस्सोवाल	कोई नहीं
मुरादाबाद मंडल	**इलाहाबाद मंडल**	
1. जहानी खेड़ा	1. शाहनगर तिनरुआ	
2. नेरी	2. जवाहरपुर कमसेन	
3. हेमपुर	3. टिण्डोली	
4. अरसैनी	4. ताखा	
5. मामन	5. अरांव	
6. सिसौना	6. उगरपुर	
7. भकरौली		
8. सिरसी मखदूम पुर		

(ग) अलाभप्रद स्टेशनों को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए उठाए कदमों में कम लोकप्रिय गाड़ियों के ठहराव समाप्त करना तथा फ्लैग स्टेशनों को डाऊन ग्रेड करके ठेकेदार द्वारा परिचालित हाल्ट स्टेशनों में बदलना शामिल है।

मध्य प्रदेश में दूर-दराज के स्थानों पर नई रेल लाइनें बिछाने की योजना

6832. **श्री गोविंद राम भिरी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की मध्य प्रदेश में बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, सरगुजा बस्तर राजनन्द गांव और दुर्ग के राजस्व जिलों के अधीन दूर-दराज के स्थानों में जो रेल मार्ग से जुड़े नहीं है, नई रेल लाइनें बिछाने की कोई योजना है;

(ख) क्या इन जिलों में रेल लाइनें बिछाने की दृष्टि से कोई सर्वेक्षण किया गया है यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसको, क्रियान्वित न किए जाने के क्या कारण है; और

(ग) सरकार इन क्षेत्रों में कब तक रेल सुविधाएं प्रदान कराने का विचार रखती है और यदि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है तो इसका क्या कारण है?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ) : (क) से (ग) सर्वेक्षण करने के बाद, दल्लीराजहरा-जगदलपुर लाइन के निर्माण के लिए एक प्रस्ताव योजना आयोग को उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया है। उनका अनुमोदन प्राप्त हो जाने पर लाइन का निर्माण शुरू किया जाएगा।

New Railway Lines

6833. SHRIMATI SUSHMA SWARAJ :
SHRI RAM JETHMALANI :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is fact that Government have accorded low priority to the construction of projects pertaining to the laying of new railway lines; and

(b) if not, what is the number of project regarding conversion of railway lines and also laying of new railway lines which were under construction as on March, 1994?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF) : (a) No, Sir.

(b) As on 31.3.94 there were 22 number of new line projects and 28 number of Gauge Conversion projects in progress.

रेलवे द्वारा मानार्थ पास जारी किया जाना

6834. **श्री राघवजी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन स्वतन्त्रता सेनानियों, भूतपूर्व संसद सदस्यों और समाज सेवकों की श्रेणी वार संख्या कितनी है जिनको रेलवे द्वारा 31 मार्च, 1994 तक प्रथम श्रेणी और वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के निःशुल्क रेलवे पास जारी किये गए है; और

(ख) उन व्यक्तियों के नाम क्या हैं जो यात्रा के दौरान अपने नि:शुल्क पासों पर अपने साथ एक से अधिक व्यक्तियों को ले जाने के पात्र है और इन व्यक्तियों को ऐसे रेलवे पास जारी किये जाने संबंधी मानदण्ड क्या हैं?

रेल मंत्री (श्री सी० के जाफर शरीफ) : (क) 31.3.94 तक वैध स्वतंत्रता सेनानियों, भूतपूर्व संसद सदस्यों और सामाजिक कार्य में लगे व्यक्तियों/संगठनों आदि को जारी पहले दर्जे के मानार्थ कार्ड पासों की संख्या, जिन पर वातानुकूल 2-टियर में भी यात्रा की सकती है, क्रमशः 44828, 1392 और 233 है।

(ख) जिन व्यक्तियों को 31.3.94 को वैध जारी किए गए मानार्थ कार्ड पासों पर अपने साथ एक से अधिक व्यक्तियों को ले जाने की सुविधा दी गई है, उनका ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए) ऐसी सुविधा प्रत्येक मामले के गुण-दोष/औअचित्य के आधार पर दी जाती है।

विवरण

क्रम सं०	उन व्यक्तियों के नाम जिन्हें जारी किए गए मानार्थ कार्य पासों पर अपने साथ एक से अधिक व्यक्तियों को ले जाने की सुविधा दी गई है— 31.3.94 को वैध
1.	श्री एस० एम० गावस्कर
2.	श्री यात्री
3.	श्री काला बाबा

रेलवे पासों का दुरुपयोग

6835. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि स्वतंत्रता सेनानियों भूतपूर्व संसद सदस्यों और वर्तमान संसद सदस्यों को जारी किये गए रेलवे पासों का दुरुपयोग किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों के दौरान पता चले ऐसे मामलों का ब्यौरा क्या है; और उन पर क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) उक्त पासों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गए है और इस संबंध में कितनी सफलता मिली है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख) जी हां। पिछले 2 वर्षों के दौरान रेलवे पासों का दुरूपयोग किए जाने के 18 मामले पकड़े गए थे।

(ग) इनके दुरूपयोग की रोकथाम करने के लिए नियमित जांच की जा रही हैं।

चण्डीगढ़, कैथल और अम्बाला के बीच रेलगाड़ियां चलाया जाना

6836. **श्री रामजी लाल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने हिसार से चंडीगढ़ तक वाया उकलाना, नरवाना, कैथल और अम्बाला, कितनी यात्री गाड़ियां, सुपर फास्ट गाड़ियां और एक्सप्रेस गाड़ियां चलाई हैं;

(ख) क्या सरकार इन शहरों को शताब्दी/हरियाणा एक्सप्रैस से जोड़ने की किसी योजना पर विचार कर रही है; यदि नहीं, तो सरकार ने हरियाणा, पंजाब एवं चंड़ीगढ़, क्षेत्र के लिए यात्रा-समय को कम करने हेतु नये कैलेण्डर वर्ष में कितनी नई रेल गाड़ियां शुरू की हैं;

(ग) क्या सरकार ने भटिण्डा-हिसार-भिवानी-पानीपत-शाहाबाद-मारकंडा-चंडीगढ़, के नये रेल मार्ग पर गाड़ियां चलाने का निर्णय ले लिया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ): (क) कुछ नहीं।

(ख) फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, नई दिल्ली और कालका के बीच एक रिवर्स शताब्दी एक्सप्रेस, नई दिल्ली और अमृतसर के बीच एक शताब्दी एक्सप्रेस और नई दिल्ली और जम्मू तवी के बीच एक साप्ताहिक राजधानी एक्सप्रेस शुरू करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त, मालवा एक्सप्रेस को जम्मू तवी तक और उत्कल कलिंग एक्सप्रेस को अमृतसर तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। ये गाड़ियां हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ क्षेत्रों के लिए तेज रफ्तार की सेवाएं प्रदान करेंगी।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।